12/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक ने आज लखनऊ के राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। उन्होंने विकास के उन पारस्परिक क्षेत्रों पर चर्चा की, जहाँ दोनों राज्य 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ एक दूसरे के सहयोग कर सकते है जिसका लाभ राज्यवासियों को सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान राज्यपाल ने राजभवन, ईटानगर में उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन पर प्रकाश डाला, तथा दोनों राज्यों के बीच बढ़ते सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में जिला अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों, विशेष रूप से जिलों में काम करने वाले लोग शासन की रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार की सफलता सरकारी कर्मचारियों की ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता पर निर्भर करती है। श्री खांडू ने कहा कि, सरकार बॉटम-अप प्लानिंग शुरू कर रही है - जिसमें जिला-स्तरीय विजन और विकास योजनाओं की तैयारियां शामिल है, जिसके तहत डिप्टी कमिश्नर्स की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जिले की सटीक समस्याओं और जरूरतों को इंगित करना और प्राथमिकता देने के लिए प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करना है।

मुख्यमंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं और जिले में चल रही अन्य विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के छह राज्य वन सेवा अधिकारियों को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में पदोन्नति मिलने पर बधाई देते हुए उन्हें उनकी नई जिम्मेदारियों में सफलता की शुभकामनाएं दीं। अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आज मुख्यमंत्री ने उन सभी के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। ये छह अधिकारी हैं - आदुक पारोन, बिजॉय प्रधान, पूसाम थांङ, मिलो तामांग, नानी शा और सोमखिम मोसांग।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने माई-को-सोम-फाई त्योहार के शुभ अवसर पर ताई खामती समुदाय और थेरावादा बौद्ध धर्म के अनुयायियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आज नामसाई में कोंगमू खाम (गोल्डन पैगोडा) में मंक्स के साथ प्रार्थना में भाग लिया। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, "शुद्धिकरण, नवीनीकरण और भक्ति का प्रतीक यह त्योहार ताई खामती समुदाय और थेरावादा बौद्ध धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रमाण है। यह अवसर सभी के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव लेकर आएं।"

00000000000000000000

मेयर तामे फासांग ने ईटानगर के नागरिकों से स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए ईटानगर नगर निगम (आईएमसी) के चल रहे प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया। आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मेयर ने घोषणा की कि आईएमसी जल्द ही एक महीने तक चलने वाला स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान शुरू करेगी जो शहर के सभी 20 वार्डों को कवर करेगा। श्री फासांग ने लोगों से इस पहल में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि शहर की सफाई एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निवासियों से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों की रिपोर्ट करने की अपील की ताकि उनपर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

000000000000000000

आज लोहित जिले में बेम्बुसा लाइब्रेरी और आकाशवाणी तेजू द्वारा संयुक्त रूप से तेजू कॉलेज के छात्रों के लिए विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य रेडियो और आकाशवाणी के विकास और समाज में रेडियो के योगदान के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आकाशवाणी तेजू कल विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर रेडियो प्रश्नोत्तरी प्रसारित करेगा।

0000000000000000000

कल यूपिया के डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र NCORD समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विभिन्न पहलुओं और इसकी रोकथाम के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। पापुम पारे उपायुक्त, सह NCORD के अध्यक्ष जिकेन बोमजेन ने जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता पहल पर जोर दिया। बैठक में एडीसी सागाली हिगियो यामे ने इस मुद्दे से निपटने के लिए सेक्टर-स्तरीय समितियां बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जागरूकता और पुनर्वास कार्यक्रमों में गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी के महत्व को भी दोहराया।

00000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला स्थित नेहरू युवा केंद्र पासीघाट ने इस महीने की 07 से 11 तारीख तक बालाजी मंदिर कॉन्फ्रेंस हॉल पासीघाट में इंटर-स्टेट युथ एक्चेंज प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम में असम के पांच जिलों से लगभग 25 युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्थानीय विधायक तापी दारांग ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के तवांग, कामले एवं क्रा-दादी इन तीनों जिलों को छोड़ अन्य जिलों के लिए येल्लो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार येल्लो जोन में अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

000000000000000000